सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **03**
01/01/2026

# मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कैलेण्डर एवं टेबुल कैलेंडर 2026 का किया लोकार्पण

**पटना, 01 जनवरी 2026** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर एवं टेबुल कैलेंडर 2026 का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।

कैलेण्डर के लोकार्पण के अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 उदय कांत, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री पी0एन0 राय, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री कौशल किशोर मिश्रा, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री नरेन्द्र कुमार सिंह, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री प्रकाश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार डॉ0 अनिल कुमार सहित बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******